प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 15.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

0000000

- प्रदेश में टीबी रोग के प्रति जागरुकता बढाने के लिए आज से सोशल मीडिया कैम्पेन शुरू हो रहा है।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के छठवे दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे।
- सीबीएसई की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं आज से।
- प्रदेश में दिन और रात का पारा चढने से गर्मी का एहसास बढा।

000000

प्रदेश में आज से सोशल मीडिया कैम्पेन चलाकर आमजन को टीबी रोग के प्रति जागरुक किया जाएगा। ये कैम्पेन टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य टीबी की समय पर पहचान, उपचार और रोकथाम के लिए लोगों को जानकारी देना है। इस दौरान टीबी के संदिग्ध मामलों की जांच की जायेगी। साथ ही निक्षय पोषण योजना के जरिये निक्षय पोषण किट वितरित किए जायेंगे। संभाग स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित कर अधिकारियों को अभियान की जानकारी दी जाएगी, जिससे वे विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभियान को सफलतापूर्वक आयोजित करने में अपनी पूरी भागीदारी दें सकें। आगामी 24 मार्च को राष्ट्रीय तपेदिक दिवस पर बेहतरीन काम करने वाले जिलों को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

00000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय के छठवे दीक्षांत समारोह में शिरकत करेंगे। दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को 264 उपाधियां दी जायेंगी।

00000

इससे पहले राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कल जोधपुर के बिंजवाड़िया गांव में पुखराज सांखला राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने टीकाकरण, निःशुल्क दवा तथा पर्ची वितरण कक्ष, पुरुष और महिला वार्ड का अवलोकन किया। राज्यपाल ने 'गांव री हथाई' पोस्टर का विमोचन किया। पोस्टर में एनीमिया के उपचार और लक्षणों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई है। श्री बागडे ने एनीमिया से पीड़ित महिलाओं को एनीमिया उपचार किट का वितरण भी किया। राज्यपाल ने इसी दिन कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा आयोजित प्रदर्शनी देखी और किसानों से संवाद किया।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नए आयकर विधेयक की जांच के लिए 31 सदस्यों की प्रवर समिति का गठन किया है। समिति के सभापति भारतीय जनता पार्टी के सांसद बैजयंत पांडा होंगे। समिति अगले सत्र के पहले दिन अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। आयकर विधेयक–2025, 13 फरवरी को लोकसभा में पेश किया गया था। इसका उद्देश्य आयकर से संबंधित कानून को मजबूत करना और उसमें सुधार लाना है।

00000

भारत ऊर्जा सप्ताह कल नई दिल्ली में सम्पन्न हुआ। समापन सत्र को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत ऊर्जा सप्ताह ने स्वयं को दुनिया के दूसरे सबसे बड़े ऊर्जा मंच के रूप में स्थापित किया है।

श्री पुरी ने कहा कि यह मंच केवल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के रूप में काम करने के बजाय वास्तविक व्यावसायिक लेन–देन की सुविधा प्रदान करके अन्य वैश्विक ऊर्जा मंचों से अपने को अलग करता है। उन्होंने लागत प्रभावी रूपांतरण किट जैसे व्यावहारिक नवाचारों पर भी जानकारी साझा की। ऊर्जा सप्ताह का अगला संस्करण गोवा में आयोजित किया जाएगा।

00000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं आज से शुरू हो रही हैं। इस परीक्षा के लिये देशभर में सात हज़ार आठ सौ 42 केंद्र  बनाये गये हैं। ये परीक्षाएं एक ही सत्र में सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक आयोजित की जाएंगी। कक्षा 10वीं की परीक्षा 18 मार्च को और 12वीं की परीक्षा 4 अप्रैल को समाप्त होगी। परीक्षार्थियों को केन्द्रों पर प्रवेश के लिये प्रवेश पत्र लाना अनिवार्य है। सीबीएसई के दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी प्रकार के स्टेशनरी आइटम जैसे पेन, पेंसिल, इरेज़र और ज्योमेट्री बॉक्स को एक पारदर्शी थैली में रखने की अनुमति है। परीक्षा के दौरान छात्र, पारदर्शी पानी की बोतल साथ ले जा सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 से 45 मिनट पहले परीक्षा केन्द्र पहुंचने की सलाह दी गई है। परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्टवॉच और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाने की अनुमति नहीं है।

00000

गणतंत्र दिवस के अवसर पर उदयपुर में आयोजित हुए राज्य स्तरीय समारोह में पर्यटन विभाग की झांकी पहले स्थान पर रही है। इस झांकी की थीम "भारत की शान राजस्थान" रखी गई थी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की "टीबी हारेगा देश जीतेगा" विषय पर निकाली गई झांकी ने दूसरा स्थान हांसिल किया है, वहीं कृषि विभाग की "समन्वित कृषि प्रणाली और जैविक खेती मॉडल" पर अधारित झांकी तीसरे स्थान पर रही है। एक अन्य वर्ग की झांकियों में "आदिवासी धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल" विषय पर आधारित झांकी के लिए बांसवाड़ा जिले को पहला पुरस्कार मिला है। डूंगरपुर डूंगरपुर ने दूसरा और बीकानेर ने तीसरा पुरस्कार हासिल किया है।

00000

प्रयागराज महाकुम्भ में शनिवार और रविवार की छुट्टी के मद्देनजर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को 15 फरवरी से 16 फरवरी तक नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। इसके साथ ही यातायात के नियमों में बदलाव किया है। गौरतलब है कि प्रयागराज महाकुंभ में अब तक 50 करोड़ 4 लाख से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। इस बीच भारतीय डाक भुगतान बैंक ने महाकुंभ में पांच प्रमुख स्थानों पर सेवा काउंटर, मोबाइल बैंकिंग इकाइयाँ और ग्राहक सहायता केन्द्र लगाये हैं। श्रद्धालु इनके जरिये वांछित सेवाओं का भी लाभ उठा सकते हैं। आवश्यकता के अनुसार इन केन्द्रों से 'बैकिंग एट कॉल' सुविधा के जरिये फोन नम्बर 7458 025 511 से भी जानकारी ली जा सकती है।

00000

39वें राष्ट्रीय खेल मेघालय में आयोजित किए जाएंगे। गृह मंत्री अमित शाह ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में 38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह को संबोधित करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि 39वें राष्ट्रीय खेलों में 6 पूर्वोत्तर राज्य शामिल होंगे, जिससे पूरे क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। गृह मंत्री ने विजेता खिलाडियों को और टीमों को बधाई दी। उन्होंने खेलों को 'ग्रीन गेम्स' बताते हुए इसकी प्रशंसा की।

00000

प्रदेश में दिन और रात दोनों के तापमान में बढोतरी होने से गर्मी का एहसास होने लगा है। कई स्थानों पर फरवरी में ही दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पंहुच गया है। कल सबसे अधिक 33 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में दर्ज किया गया।

मौसम विभाग ने आगामी 3–4 दिन मौसम शुष्क रहने तथा तापमान में 2–3 डिग्री और बढ़ोतरी होने की संभावना जताई है। वहीं आगामी दिनों में कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 17 से 20 फरवरी के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिमी हिस्सों में कहीं–कहीं हल्की बारिश होने के आसार हैं।

0000